>

Title: Need to restore local rail service between Palanpur & Gandhidham, and augmentation of DMU rail service between Palanpur and Ahmedabad.

श्री हरिसिंह चावड़ा (बनासकांठा) : महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र बनासकांठा के पालनपुर से गांधीधाम के बीच मीटर गेज से ब्रॉडगेज लाइन में बदलने से पहले कई लोकल रेल सेवा चलती थी, परन्तु ब्रॉडगेज लाईन बनने के बाद इस रेलवे खंड पर कोई लोकल रेल सेवा वर्तमान समय में नहीं चल रही है जिसके कारण इस रेलवे प्रखंड के आसपास के गांव के लोगों को बहुत असुविधा हो रही है। वर्तमान समय में मुम्बई से अहमदाबाद के बीच गुजरात मेल चलती है, वह पन्द्रह घंटे अहमदाबाद रेलवे स्टेशन पर बेकार में खड़ी रहती है। अगर इस रेल सेवा को पालनपुर तक बढ़ा दिया जाये तो उत्तर गुजरात से मुम्बई जाने वाले रास्ते के यात्रियों को बहुत सुविधा होगी और रेलवे को अतिरिक्त आय भी मिलेगी। साथ ही सदन के माध्यम से यह भी निवेदन है कि पालनपुर से अहमदाबाद के बीच एक डेमू रेल सेवा चलती है। लोगों की मांग के अनुसार दो डेमू रेल सेवा अहमदाबाद और पालनपुर तक चलायी जाये।

सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि पालनपुर से गांधीधाम तक के बीच पूर्व की भांति लोकल रेल सेवा चलाई जाये। मुम्बई से अहमदाबाद चलने वाली रेल सेवा को पालनपुर तक बढ़ाया जाये एवं पालनपुर से अहमदाबाद के बीच एक और डेमू रेल सेवा चलाई जाये।